# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: 7 2nd Lang. | Department: Hindi | Date of submission: ----------- |
|---|---|---|
| Question Bank with Graammer | lesson : दादी माँ -2 (कहानी) | Write in notebook |

## अति लघु प्रश्न-

प्रश्न-1 गाँव के लड़के झागभरे जलाशयों में किस महीने में खेलतें हैं?

उत्तर- गाँव के लड़के झागभरे जलाशयों में क्वार के महीने में खेलते हैं।

प्रश्न-2 दादी माँ ज्वर का अनुमान कैसे लगाती थीं?

उत्तर - दादी माँ छू-छूकर ज्वर का अनुमान लगाती थीं।

प्रश्न-3 दादी माँ कौन से जल से नहाकर आई थीं?

उत्तर - दादी माँ जलाशय के झागभरे जल से नहाकर आई थीं।

प्रश्न-4 लेखक की आँखों के सामने किस की धुँधली छाया नाच उठती है?

उत्तर - लेखक की आँखों के सामने दादी माँ की धुँधली छाया नाच उठती है।

## लघु प्रश्न-

प्रश्न-1 लेखक के मित्र उसका मज़ाक क्यों उड़ाते थे?

उत्तर - लेखक के मित्र उसका मज़ाक इसलिए उड़ाते थे क्योंकि ज़रा-सी कठिनाई पड़ते ही लेखक को गाँव , घर और परिवार की याद आने लगती थी।

प्रश्न-2 लेखक के मित्र लेखक को क्या कह कर उसका मज़ाक उड़ाते थे?

उत्तर - लेखक के मित्र लेखक को कमज़ोर और ज़रा-सी प्रतिकूलता से घबरानेवाला कहकर उसका मज़ाक उड़ाते थे।

प्रश्न-3 लेखक को हलकी बीमारी क्यों अच्छी लगती थी?

उत्तर - लेखक को हलकी बीमारी इसलिए अच्छी लगती थी क्योंकि खाने के लिए दिनभर नींबू और साबू मिलता था।

प्रश्न-4 दादी माँ का व्यवहार कैसा था?

उत्तर - दादी माँ बाहर से कठोर और अंदर से कोमल स्वभाव की थीं। वे स्नेह, ममता, और त्याग की मूर्ति थीं। वह हमेशा दूसरों की मदद करती थीं।

प्रश्न-5 दादी माँ किस पर और क्यों बिगड़ रही थीं?

उत्तर - दादी माँ रामी की चाची पर बिगड़ रही थीं क्योंकि रामी की चाची ने जो क़र्ज दादी माँ से लिए था उसका न तो वह सूद दे पा रही थी ना ही मूल।

प्रश्न-6 दादी माँ के लिए दादा जी द्वारा दिए कंगन का क्या महत्व था?

उत्तर - दादी माँ को वह कंगन दादा जी ने पहनाए थे और उनकी भावनाएँ उस कंगन से जुड़ी हुई थी। वह कंगन उनके वंश की निशानी थी इसलिए वह उसे सहेजकर रखती आई थीं।

## दीर्घ प्रश्न-

प्रश्न-1 दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गई थी?

उत्तर - दादा की मृत्यु के बाद कपटी दोस्तों की बाढ़-सी आ गई | उनकी बनावटी शुभचिंता को घर के लोग समझ नहीं सके जिससे आर्थिक स्थिति और भी खराब हो गई | दादा के श्राद्ध में भी दादी माँ के मना करने पर भी लेखक के पिता जी ने अतुल धनराशि व्यय की। यह धनराशि घर की नहीं थी , क़र्ज में ली गई थी। इन सब कारणों से लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी।

प्रश्न-2 दादी माँ के स्वभाव का कौन सा पक्ष आपको सबसे अच्छा लगता है और क्यों?

उत्तर - दादी माँ स्नेह और ममता की मूर्ति थी। मुझे उनके स्वभाव का सबसे अच्छा पक्ष - दूसरों की मदद करना लगता है। गाँव में कोई बीमार होता, उसके पास वह पहुँच जाती और उनका हाल चाल पूंछती। उन्होंने धन्नो का कर्ज माफ़ करके और उसे पैसे दिए जिससे वह अपनी बेटी की सादी अच्छे से कर सके। उन्होंने लेखक के पिताजी की भी अपने सोने के कंगन देकर मदद की।

प्रश्न-3 लेखक को अपनी दादी माँ की याद के साथ-साथ बचपन की और किन-किन बातों की याद आ जाती है?

उत्तर- लेखक को अपनी दादी माँ की याद के साथ-साथ बचपन की कई बातों की याद आ जाती है। उनमें से कुछ निम्नलिखित हैं-----

1 क्वार के दिनों में जलाशयों के झागभरे पानी में नहाना ।

2 आषाढ़ में आम और जामुन, चैत के दिनों में लाई के साथ गुड़ की पट्टी खाना।

3 बीमार होने पर दादी द्वारा की गई स्नेहपूर्ण देखभाल।

4 किशन भैया की शादी में चोरी से औरतों का अभिनय देखना।

5 दादी माँ का धन्नों को क़र्ज के लिए डाँटना फिर माफ़ कर देना।

6 दादी माँ का पिताजी को बुरे वक्त में अपना सोने का कंगन देना।

व्याकरण भाग-

1. वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए –
   1- जो करने योग्य न हो – अकरणीय
   2- जिसे कभो बुढ़ापा न आए – अजर
   3- जो बात पलहे कही न हो – अनकही
   4- जिसका आदि न हो - अनादि
   5- जिसका कोई मालिक न हो – अनाथ
   6- जिसको पराजित न किया जा सके – अपराजेय
   7- जिसकी सीमा न हो – असीम
   8- जो दूसरों से ईर्ष्या करता हो – ईर्ष्यालु
   9- जो कड़बे वचन बोलता हो – कटुभाषी
   10 – श्रेस्ठ कुल में जन्म लेने वाला – कुलीन
2. दिए गए उपसर्गों के दो-दो शब्द लिखिए -
   1 अनु – अनिमान , अनुशासन
   2 अप – अपमान , अपशब्द
   3 अभि – अभिमान , अभिनय
   4 अव – अवगुण , अवकाश
   5 आ - आजीवन , आमरण
   6 उप – उपनाम , उपदेश
   7 प्र - प्रयोग , प्रबल
   8 वि - विदेश , विनाश
3. दिए गए प्रत्ययों के दो-दो शब्द लिखिए -
   1 पन – बचपन , लड़कपन
   2 दार – समझदार , दुकानदार
   3 गर – बाज़ीगर , सौदागर
   4 वान – धनवान , दयावान
   5 आहट - कड़वाहट , चिकनाहट
   6 इक – मौखिक , धार्मिक
   7 आस - मिठास , खटास
   8 ईन - नमकीन , रंगीन

4. दिए गए मुहावरों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

1- अपना रास्ता नापना – चले जाना

वाक्य – राम मैं तुम से बात नहीं करना चाहता | तुम अपना रास्ता नापो और फिर इधर दिखाई मत देना |

2- किताबी कीड़ा होना – हर समय पढ़ते रहना

वाक्य – रोशन तो किताबी कीड़ा है वह हम लोंगों के साथ खेलने नहीं चलेगा |

3– गागर में सागर भरना – थोड़े शब्दों में बहुत अधिक विचार

वाक्य – कबीर जी ने अपने दोहों में गागर में सागर भर दिया है |

4- ठेंगा दिखाना – मना करना

वाक्य – मैंने जब मोहन से किताबें माँगी , तो उसने मुझे ठेंगा दिखा दिया |

5- थककर चूर होना – बहुत थक जाना

वाक्य- मई की धूप में ज्यादा देर पैदल चलने के कारण मैं तो थककर चूर हो गया हूँ |

6- दौड़-धूप करना – बहुत परिश्रम करना

वाक्य- बहुत दौड़-धूप करने के बाद सीता के भाई को नौकरी मिली है |

7- नौ दो ग्यारह होना – भाग जाना

वाक्य – भूत को देखते ही मैं नौ दो ग्यारह हो गई |

8- पीठ दिखाना – हार कर भागना

वाक्य – युद्ध में चीन की सेना पीठ दिखाकर भाग निकली |

